HAMIRPUR POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

थाना ललपुरा **दिनांक- 20.05.2026**

थाना ललपुरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से डीजल चोरी एवं फायरिंग की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 18.05.2026 को समय लगभग 03:00 बजे बीपीआरएन पेट्रोल पम्प कुछेछा के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रक से डीजल चोरी किये जाने की घटना प्रकाश में आयी थी। घटना के दौरान अभियुक्तगण स्कॉर्पियो वाहन में रखी कैनों में ट्रक से डीजल निकाल रहे थे। ट्रक चालक को शक होने पर उसने ट्रक स्वामी को मौके पर बुलाया तथा संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा किया गया। पीछा करने के दौरान पौथिया स्थित नर्सरी के पास संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गये।

उक्त सूचना पर थाना ललपुरा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गयी तथा वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 47/2026 धारा 310(4)/109/324(4)/3(5) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट बनाम 05 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-

आज दिनांक 20.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अज्ञात अभियुक्तगण की तलाश एवं पतारसी-सुरागरसी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर सहुरापुर मोड़ थाना ललपुरा क्षेत्र से अभियुक्त बृजेन्द्र सिंह उर्फ रिन्टू पुत्र स्व0 महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दुर्गा सिंह निवासी हृदयखेड़ा थाना नरवल जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। वादी मुकदमा विजय नारायण सिंह द्वारा अभियुक्त की पहचान घटना में शामिल व्यक्ति के रूप में की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त से घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

बृजेन्द्र सिंह उर्फ रिन्टू पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दुर्गा सिंह निवासी हृदयखेड़ा थाना नरवल जनपद कानपुर नगर (उम्र करीब 40 वर्ष)।

गिरफ्तारी का स्थान-

सहुरापुर मोड के पास यात्री शेड के सामने थाना ललपुरा हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –	
थाना ललपुरा पुलिस टीम	***एसओजी व सर्विलांश टीम***
1. प्र0नि0 राकेश कुमार सरोज	1. उ0नि0 सचिन शर्मा (प्रभारी एसओजी)
2. उ0नि0 सिद्धनाथ राय	2. उ0नि0 कृष्ण देव त्रिपाठी (प्रभारी सर्विलांश सेल)
3. का0 अनुरुद्ध कुमार	3. हे0का0 धर्मेन्द्र (सर्विलांश)
4. रि0का0 अंकित मौर्या	3. का0 सुरेन्द्र मिश्रा (एसओजी टीम)
5. रि0का0 सूरज यादव	4. का0 अतुल कुमार (एसओजी टीम)
6. का0 पंकज यादव	5. का0 अतुल कुमार (सर्विलांश)